किये। महर्षि वेद व्यास जी आदि गुरु हुए। कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वर्तमान में हमारा दायित्व और भी बड़ जाता है। हम विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण पर बल दें तथा शिक्षा देने के साथ-साथ संस्कार भी दें। इस अवसर पर जिला हमीरपुर प्रधान नरेश शर्मा, जिला मंत्री राजेश शर्मा, संगठन मंत्री सुरजीत शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय शर्मा, पीसी पटियाल, संजीव शर्मा, डॉ बन्याल, डॉ राकेश, संजीव कुमार, दिनेश कुमार, उत्तम ठाकुर, अरुण, अनिल शर्मा सहित लगभग 50 शिक्षक उपस्थित रहे।

## गलत बीज पहुंचाने वालों पर करें कार्रवाई

हमीरपुर। जो भी कंपनियां एचटीबीटी एवं बीटी बीज को किसानों तक पहुंचा रही है उन पर सरकार सख्ती से कार्यवाही कर काली सूची में डाले। यह बात भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष अमीं चंद ने कही। उन्होंने इस संदर्भ में जिलाधीश के माध्यम से मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भी भेजा। उन्होंने बताया कि यदि ऐसा ही होता रहा तो आने वाले समय में इसके गंभीर परिणाम आने वाली पीढ़ी को भुगतने पड़ेंगें। उन्होंने बताया कि एचटीबीटी कपास, बीटी बैंगन एवं जीएम सरसों के लिए प्रशासन, किसान संगठनों से लेकर संसद तक हंगामे होते रहे, लेकिन फिर भी गलत बीज को किसानों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जब से जीएएम फसलों के नाम पर बीटी कपास की खेती का देश में प्रचलन हुआ तभी से मुनाफाखोर बीज कंपनियों का दबदबा बढ़ता गया। इससे फसल में किसानों को घाटा होता रहा और किसानों में आत्महत्या के मामले भी बढ़ते रहे। उन्होंने बताया कि जीएम फसल में कोई भी अधिक उपजाऊ वाला जीन नहीं डाला गया है। उन्होंने बताया कि जो कंपनी ऐसी हरकतें करती है उनको प्रतिबंध करके काली सूची में डालना जरूरी है। इसके अलावा सरकारी संस्था जीइएएस भी इन सभी गतिविधियों पर नियंत्रित नहीं कर पा रही है। उन्होंने बताया कि एचटीइटी में प्रयोग होने वाले ग्लाइफोसेट पूर्णतः प्रतिबंधित कर देना चाहिए, ये शरीर के लिए खरतरनाक है। इस अवसर पर संघ के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थि रहे।

## टपरे में बागवानी विभाग की कार्यशाला

हमीरपुर। टपरे पंचायत में शुक्रवार को बागवानी विभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को बागवानी से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान लोगों विभाग की ओर से फलदार पौधे भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में पंचायत प्रधान के साथ ही उपप्रधान अजय चौहान, वार्ड सदस्य भी मौजूद रहे।

## किसानों को बताईं योजनाएं

हमीरपुर। बड़सर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत धंगोटा में 11 अगस्त को आयोजित होने वाले जनमंच कार्यक्रम से दो दिन पहले कृषि विभाग की ओर से ग्राम पंचायत बल्ह बिहाल में जहां लोगों को विभिन्न प्रकार की विभागीय जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई वहीं गांव पेहड़वीं में एसएमएस बिझड़ी ने पॉली हाऊसों तथा किसानों को विभाग की ओर से प्रदान किए गए कृषि उपकरणों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों की समस्याओं को सुना तथा उनके समाधान के लिए उन्हें महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने किसानों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी तथा मेज कलस्टर योजना के तहत किसानों की मक्की की फसल का भी निरीक्षण किया। गांव बल्ह ब्राहमणा में किसान अमर सिंह को विभाग की ओर से प्रदान किए गए कृषि उपकरण पॉवर वीडर का निरीक्षण कर विस्तार से उसके संचालन की जानकारी दी। इसी प्रकार तहसील कल्याण विभाग बिझड़ी की ओर से डीआरए, विधवा पैंशन, 60 वर्ष तथा 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धावस्था पैंशन से संबंधित 61 लोगों के कागजातों की जांच कर किया पूरा।11 अगस्त रविार को बड़सर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शहीद दीप चंद राणा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धंगोटा के प्रांगण में प्रातरू 10 बजे से जन मंच कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. राजीव सहजल मुख्यातिथ के रूप में उपस्थित होंगे। इस अवसर पर वह लोगों की समस्याएं सुनेंगे।

## स्काउट्स एंड गाइड ने रोपे पौधे

हमीरपुर। सराहकड़ स्कूल के स्काउट्स ने लगाए फलदार पौधे राजकीय माध्यमिक पाठशाला सराहकड़ के भारत सकाउटस एवं गाइडस इकाई ने अपने सकाऊट मास्टर सतीश राणा के मार्गदर्शन में स्कूल परिसर में पौधारोपण किया। इस मौके पर सकाऊटस ने अमरूद, नींबू, आदि के पौधे रोपित किए। सकाऊट मास्टर सतीश राणा का कहना है कि पौधों को लगाने के साथ बचाने के प्रयास भी होने चाहिए। इस मौके पर अध्यापक जय सिंह, सुरेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

# पीपीटी के माध्यम से दें पूरे माह के कार्यों की रिपोर्ट

हिमाचल दस्तक। हमीरपुर

**स्वास्थ** एवं परिवार कल्याण बिभाग हमीरपुर की जिला स्तरीय मासिक बैठक कार्यलय सभागार हमीरपुर में मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर डॉ. अर्चना सोनी ने की। इस मीटिंग में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय जगोता जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ अरविन्द कौंडल डॉ अंकित चौधरी एबी एम् ओ टोनी डॉ आर के अग्निहोत्री,डॉ हेत राम कालिया, डॉ ललित कालिया, डॉ सक गौतम डॉ अशोक कौशल डॉ रमेश डॉ आशीष जिला जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी सतीश शुक्ला के अतिरिक्त खण्डों से हेल्थ एजुकेटर सुरेश, सुनील एवं नरेश

निर्देश दिए ताकि लोग अधिक से अधिक इन योजनाओ का लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया की हर माह एक खंड चिकित्सा अधिकारी अपने ब्लाक में पूरे महीने किये गए सभी कार्यों की रिपोर्ट ब समीक्षा पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे साथ ही हर ब्लाक में भी पी पी टी के मध्यम से ही रिपोर्ट पर चर्चा करेंगे ताकि रिपोटों में पारदर्शिता बा गुणवत्ता बनी रहे बा जबाबदेही सुनिश्चित की जा सके प उन्होंने सभी स्वास्थ्य उपकेंद्रों बा पी च सी ब संस्थानों में बायो मेडिकल वेस्ट पिट व कलर कोडिड बिन्स सुनिश्चित करने को कहा एसभी अस्पतालों भोरंज बा सुजानपुर अस्पतालों में महिला रोग विशेषज्ञ आ गए है अब सभी डिलीवरी पॉइंट पर शत प्रतिशत प्रसव सुनिश्चित करें। जिन अस्पतालों में मरीजो के

◆सीएमओ डॉ. अर्चना सोनी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

हिमाचल दस्तक। हमीरपुर

**संगठन** की सक्रियता और सुदृढ़ता बहुत जरूरी है। हमीरपुर के परिधिगृह में शुक्रवार को जिला भाजपा की समीक्षा बैठक में विशेष रूप से उपस्थित पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए यह बात कही। भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत की वर्ष गांठ पर पूर्व मुख्यमंत्री ने उपस्थित पदाधिकारियों को संकल्प दिलाया कि सब मिल कर संगठन को सुदृड़ बनाएंगे। जिला संगठन को सुदृड़ बना कर प्रदेश में आदर्श बनाएंगे और प्रदेश संगठन को पूरे देश में आदर्श बनाएंगे। धूमल ने पदाधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि हमारा दायित्व बड़ गया है। केंद्र में मात्र चार सांसद होने के बावजूत छोटे से प्रदेश के हिस्से में अभी पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष की कमान आई है। कल को जे पी नड्डा पूरी तरह से राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी की कमान संभालेंगे। तो ऐसे में उनके प्रदेश का संगठन मजबूत और चुस्त दुरुस्त होना चाहिए।

# प्राथमिक सदस्यता अभियान में सुजानपुर का संगठन अव्वल : धूमल

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। हमीरपुर

**शुक्रवार** को हमीरपुर के परिधि गृह में जिला भाजपा के प्राथमिक सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक हुई, बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला महामंत्री राकेश ठाकुर ने की। बैठक में सर्वप्रथम पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। चंद्रयान 2 के सफल प्रक्षेपण हेतुए तीन तलाक के विरुद्ध बनाए गए कानून हेतु तथा जम्मू एवं कश्मीर से धारा 370 खत्म करने के लिए जिला भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह एवं केंद्र सरकार को बधाई प्रस्ताव पारित किया। यह बधाई प्रस्ताव उनके कार्यालयों को भेजे जाएंगे। समीक्षा में पाया गया कि जिला भर में चलाए गए प्राथमिक सदस्यता अभियान के तहत सुजानपुर विधानसभा में मंडल ने 10500 प्राथमिक सदस्यता फॉर्म वितरित किए थे जिनमें से 9360 बापिस मंडल के पास पहुंच चुके हैं। इन फार्मों में 52 रिजेक्ट किए गए हैं। तथा मंडल ने पार्टी के ऑनलाइन पोर्टल पर 1830 एवं एक्सल शीट पर 2272 सदस्यताओं को अपलोड किया है। भोरंज विधानसभा में मंडल ने 10000 फॉर्म वितरित किए थे जिनमें से 5000 वापस पहुंच चुके हैं । भोरंज में कुल 15 बूथ ऐसे हैं जिनमें 50 से कम सदस्य बनाए गए हैं । पार्टी के ऑनलाइन पोर्टल पर अभी तक भोरंज मंडल ने किसी भी सदस्यता को अपलोड नहीं किया है जबकि पार्टी द्वारा दिशा निर्देशित एक्सेल शीट पर 2000 सदस्यताओं की सूची बना ली गई है। हमीरपुर विधानसभा में मंडल ने 10000 फॉर्म वितरित किए थे जिनमें से 5468 फॉर्म वापस पहुंच चुके हैं। f विधानसभा में 6 बूथ ऐसे हैं जिनमें 50 से कम सदस्य बनाए गए हैं जबकि पार्टी के ऑनलाइन पोर्टल पर 1900 सदस्यों की सूची अपलोड कर दी गई है एवं एक्सल शीट पर 4800 सदस्यों की सूची अपलोड कर दी गई है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला महामंत्री राकेश ठाकुर ने बताया कि सदस्यता अभियान के द्वितीय चरण में अब जिला भाजपा सक्रिय सदस्यता अभियान चलाएगी जो 12 अगस्त से 31 अगस्त तक चलेगा। पार्टी के सभी वरिष्ठ एवं कई वर्षों से लगातार कर्मठता से पार्टी का काम कर रहे सदस्यों को पार्टी की सक्रिय सदस्यता लेना अनिवार्य है। जिला के प्रत्येक मंडल से 1000 सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। समीक्षा बैठक में धूमल ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी का संदेश स्पष्ट है की पार्टी में अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ा जाए। देश का कोई भी नागरिक पार्टी की सदस्यता ले सकता है यह सदस्यता अभियान संगठन के लोगों द्वारा एवं ऑनलाइन लिंक दोनों के माध्यम से चला हुआ है। उन्होंने कहा कि सक्रिय सदस्य मंडल की सहमति से बना जा सकता है। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्यारेलाल शर्मा रघुवीर सिंह ठाकुर वीरेंद्र ठाकुर जिला उपाध्यक्ष आदर्श कांत कमलनयन दलवीर ठाकुर जिला कोषाध्यक्ष तेज प्रकाश चोपड़ सहित अन्य कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

◆ द्वित्तीय चरण में 12 से 31 अगस्त तक सक्रिय सदस्यता अभियान चलाएगी भाजपा

### डंगा लगाने से बावड़ियों का पानी अवरुद्ध होने की शिकायत पर कार्रवाई

# नादौन में एसडीएम ने दिए जांच के आदेश

हिमाचल दस्तक। नादौन

**नादौन** शहर को पेयजल आपूर्ति करने वाली पेयजल योजना परिसर में शुक्रवार को पानी जमा हो जाने के कारण दोपहर तक यहां की मशीनें नहीं चल सकी। शहर के वार्ड एक में स्थित ऐतिहासिक बावड़ियों पर स्थित इस योजना में बावड़ियों का अतिरिक्त पानी अवरूद्ध होने की स्थिति में यह नौबत आई है। इस अतिरिक्त पानी की निकासी यहां निकट ही चलाए जा रहे निर्माण कार्य के दौरान इस स्थल पर डंगा लगा देने से अवरूद्ध हुई है। वीरवार को ही शहरवासियों ने इसकी शिकायत एसडीएम नादौन से की थी। लोगों ने इस निर्माण कार्य को तुरंत बंद करने की मांग की थी। शहरवासियों ने बताया कि इन बावड़ियों पर आईपीएच विभाग की वर्षों पुरानी पेयजल योजना स्थित है जिससे शहर भर को पेयजल आपूर्ति की जाती है। उन्होंने बताया कि योजना के निकट ही करवाए जा रहे निर्माण कार्य के दौरान इन बावड़ियों से निकलने वाले अतिरिक्त पानी की निकासी को ही बंद कर दिया गया है। इतना ही नहीं बावड़ियों के साथ ही जहां से पानी की निकासी होती है वहां वर्षों से महिलाओं को कपड़े धोने के लिए विशेष स्थान बनाया गया है परंतु इस निर्माण कार्य के दौरान इस स्थल को भी बंद कर दिया गया है। जिससे इसके ऐतिहासिक स्वरूप के साथ भी छेड़छाड़ की गई है। उन्होंने बताया कि यह भूमि टीका बर्तनदारान है। उन्होंने बताया कि निर्माण करवा रहे व्यक्ति द्वारा यहां डंगा लगा देने से यह समस्या उत्पन्न हुई है। उन्होंने कहा कि इस बात की भी जांच की जाए कि यहां प्रयोग किया जा रही निर्माण सामग्री कहां से लाई जा रही है। शहरवासियों ने इस निर्माण कार्य को रूकवाने तथा पानी की निकासी को बहाल करवाने की मांग की है। इस संबंध में एसडीएम डीआर धीमान ने बताया कि मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि संबंधित अधिकारियों को मौका पर भेज कर उनसे रिपोर्ट मांगी गई है। उन्होंने बताया कि आईपीएच विभाग को भी मौका पर जा कर उचित कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं।

### दोषी पाए जाने पर होगी कार्रवाई

नगर पंचायत सचिव ईओ सतीश ठाकुर ने बताया कि यदि अनाधिकृत तौर पर निर्माण कार्य किया गया है तो कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# सलोनी-बिझड़ी सड़क मरम्मत के चलते 15 अगस्त तक रहेगी बंद

हमीरपुर। जिला दंडाधिकारी हरिकेश मीणा ने सलोनी से बिझड़ी सडक को आवश्यक मुरम्मत कार्य के चलते 15 अगस्त तक बंद करने के आदेश पारित किए हैं। आदेश के अनुसार एसडीएम बड़सर 15 अगस्त तक सडक के मरम्मत कार्य को पूरा करवाना सुनिश्चित करेंगे।

भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड
(सिचाई खण्ड)

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सं.: 04/एसएलपी/2019–20 दिनांक 09.08.2019

**कार्यालय का नाम:** अति. अधिक्षण अभियन्ता, सलापड़ मण्डल, बीबीएमबी, (सि.ख.) सलापड, जिला मण्डी (हि.प्र.)

**कार्य का नाम:** सलापड़ में 2 नं. पेनस्टॉक शाखाएँ 5 और 6 बहाव स्थल डब्ल्यूवाईई (झुका हुआ भाग) का आंतरिक निरीक्षण, मरम्मत और रखरखाव।

| | |
|---|---|
| अनुमानित लागत | ₹ 9,40,422/- |
| धरोहर राशि | ₹ 18,850/- |
| समय सीमा | 2 महीने |
| निविदा खोलने की तिथि | 03.09.2019 |

निविदा अनुसूची प्राप्ति एवं अधिक जानकारी हेतु वेबसाइट http://www.bbmb.gov.in पर उपलब्ध है।

784-पीआर-बीएसएल.-4 ऊर्जा बचाओ, उज्जवल भविष्य पाओ

# नादौन युकां ने मनाया स्थापना दिवस

हिमाचल दस्तक। नादौन

**युवा** कांग्रेस नादौन ने इकाई अध्यक्ष राजेन्द्र चौधरी की अगुवाई में युवा कांग्रेस का 59वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस दौरान संगठन के हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र अध्यक्ष मनिंदर कटोच डिंपल बतौर मुख्यअतिथि उपस्थित हुए। नादौन के देव संज होटल में आयोजित समारोह में कटोच ने अपने संबोधन में कहा कि युवा कांग्रेस का हर कार्यकर्ता आम आदमी का सिपाही है। उन्होंने बताया कि 1957 में पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी ने इस संगठन का गठन देश में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए किया था। उन्होंने दावा किया कि यह संगठन दुनिया का सबसे बड़ा संगठन है। इस अवसर पर उन्होंने संगठन के उद्देश्य नफरत छोड़ो प्यार बांटो को घर-घर पहुंचाने के लिए युवाओं का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि संगठन सामाजिक कुरीतियों जैसे दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या, नशाखोरी आदि को समाप्त करने के लिए प्रयासरत है। जबकि एड्स, टीबी, पोलियो उन्मूलन के लिए समाज में लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं को शपथ भी दिलाई। इसके उपरांत युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने डिंपल कटोच की अगुवाई में इस उपलक्ष्य पर नादौन के मोनाल स्कूल में जाकर बच्चों को फल बांटे। स्कूल के बच्चों को फल बांटते उन्होनें कहा कि बच्चे देश का भविष्य है और युवा कांग्रेस इनके भावी जीवन को संवारने के लिए कृत संकल्प है। उन्होनें स्कूली बच्चों से कहा कि वह मन लगाकर पढ़ाई करें तथा नशों से दूर रह कर अपने माता-पिता की अंकाक्षाओं व इच्छाओं पर पूरा उतरें। इस दौरान बीडीसी विक्रम कटोच, शिव, नितिन अंगारिया, अमन, रजनीश, सुनील, अतुल, सरदारी लाल, मुकेश कुमार, पूजा, सोनिका ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आइनॉक्स विंड लिमिटेड

INOXWIND

पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रीयल एरिया, गौंव–बसाल, जिला ऊना –174303, हिमाचल प्रदेश
सीआईएन: L31901HP2009PLC031083 | टेलीफोन/फैक्स: 01975-272001 | ई–मेल: investors.iwl@inoxwind.com | वेबसाइट: www.inoxwind.com

30 जून 2019 को समाप्त तिमाही हेतु समेकित अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण (रुपये लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | 30.06.2019 को समाप्त तिमाही | 31.03.2019 को समाप्त वर्ष | 30.06.2018 को समाप्त तिमाही |
|---|---|---|---|---|
| | | अनअंकेक्षित | अंकेक्षित | अनअंकेक्षित |
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 25,959 | 143,744 | 43,045 |
| 2. | कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (2,220) | (6,211) | 1,812 |
| 3. | कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (1,416) | (3,998) | 1,037 |
| 4. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात्) तथा अन्य व्यापक आय (कर पश्चात्) शामिल] | (1,406) | (3,934) | 1,024 |
| 5. | सुरक्षित पुर्नमूल्यांकन सुरक्षित के अतिरिक्त | - | 174,295 | - |
| 6. | प्रदत्त समता अंश पूंजी (अंकित मूल्य रु 10 प्रत्येक) (गैर वार्षिकृत) | 22,192 | 22,192 | 22,192 |
| 7. | प्रति अंश आय रु 10/- प्रत्येक<br>मूलभूत (रु. में)<br>तरल (रु. में) | <br>(0.64)<br>(0.64) | <br>(1.80)<br>(1.80) | <br>0.47<br>0.47 |

टिप्पणीयाँ
1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षित किए गए तथा 9 अगस्त 2019 को आयोजित बैठक मे निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गए। कम्पनी के सांविधिक अंकेक्षकों ने 30 जून 2019 को समाप्त उपरोक्त वित्तीय परिणामों की सीमित समीक्षा की है।
2. उपरोक्त परिणाम सेबी (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अन्तर्गत स्टॉक एक्सचेन्जों के पास दाखिल किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। अनअंकेक्षित एकल एवं समेकित वित्तीय परिणामों का सम्पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेन्जों की वेबसाइटों (www.bseindia.com एवं www.nseindia.com) एवं कम्पनी की वेबसाइट (www.inoxwind.com) पर उपलब्ध है।
3. एकल वित्तीय परिणामों पर जानकारी है : (रुपये लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | 30.06.2019 को समाप्त तिमाही | 31.03.2019 को समाप्त वर्ष | 30.06.2018 को समाप्त तिमाही |
|---|---|---|---|---|
| | | अनअंकेक्षित | अंकेक्षित | अनअंकेक्षित |
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 14,087 | 134,548 | 38,904 |
| 2. | कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (3,560) | 193 | 2,196 |
| 3. | कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (2,305) | 125 | 1,411 |

निदेशक मंडल के आदेश से
आइनॉक्स विंड लिमिटेड
देवांश जैन
निदेशक

स्थान: नोएडा
तिथि: 9 अगस्त, 2019

### आईपीएच व लोक निर्माण विभाग आमने–सामने

# पीडब्ल्यूडी अपनी नाकामियां दूसरों पर थोप रहा

हिमाचल दस्तक। बड़सर/ बिझड़ी

### मैहरे-बिझड़ी सड़क उखड़ने का मामला

**मैहरे** से घोड़ी धबीरी वाया बिझड़ी सड़क मार्ग के उखड़ने पर दिए गए लोक निर्माण विभाग अधिकारियों के ब्यान को लेकर आईपीएच विभाग तलख हो गया हैं। गुरूवार को लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों ने ब्यान दिया था कि मैहरे से बिझड़ी सड़क मार्ग पर हुई 11 किलोमीटर तक

लोक निर्माण विभाग के अधिकारी साबित करें कि कहाँ पर आईपीएच विभाग की पाइपें से लीकेज हो रही है। जिस कारण सड़क उखड़ी हैं। उन्होंने कहा कि यदि आईपीएच विभाग की पाइप लाइन की लीकेज के कारण टायरिंग उखड़ रही हैं,

◆आईपीएच विभाग के अधिकारियों ने नकारे आरोप

### बताएं कहां हुआ रिसाव

आईपीएच विभाग के अधिकारियों ने कहा कि लोक निर्माण विभाग मैहरे से बिझड़ी तक एक भी ऐसा स्पॉट बता दें, जहां पाइप लाइन मे रिसाव के कारण सड़क को नुक्सान हुआ हो। अन्यथा अपनी गलती मान कर सड़क के उखड़ने के सही कारणों को जनता के सामने रखें।

को क्रॉस नहीं करती हैं। बताते चलें कि मैहरे से बिझड़ी खुरपड़ी

No. DMC/Tender/2019

OFFICE OF THE COMMISSIONER DHARAMSHALA MUNICIPAL CORPORATION DISTT. KANGRA H.P.

NOTICE INVITING TENDER

Sealed item rate tenders on form No.6 are invited by Dharamshala Municipal Corporation for the below mentioned works from the approved eligible contractors enlisted in the HPPWD/CWPD/UD/I&PH in Himachal Pradesh so as to reach in this office on or before as per time and Schedule given below in the presence of intending contractors or their authorized representatives.

| Sr. No. | Name of Work | E.Cost | E.Money | Time Period | Tender Form Cost |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | C/o Culvert near Community Hall in ward No. 16 | 126000.00 | 2520.00 | 3 Months | 300.00 |
| 2. | C/o Path from main Khanyara road towards Raj Kumar house in ward No. 5&6 | 218340.00 | 4370.00 | 3Months | 300.00 |
| 3. | Repair of Community Hall at Kotwali Bazaar in ward No. 6<br>SH:- C/O Ramp in Parking | 83533.00 | 1670.00 | 3 Months | 300.00 |

Time & Schedule for obtaining tender form, submission of tender form and opening of tenders.

| Job No. | Date for Sale of Tender | Last date for submission of tender form | Date of opening of tenders |
|---|---|---|---|
| Job No. 1 to 3 | 30/08/2019 From 1:00 PM to 5:00 PM | 30/08/2019 at 2:00 PM | 31/08/2019 at 3:00 PM |

Terms & Conditions:-
1. Term and condition of DNIT relevant drawing etc. can be seen during office on any working day.
2. The Earnest money is in cash/FDR pledge in favour of Commissioner Dharamshala Municipal Corporation.
3. Conditional/telegraphic tender and tender without earnest money will not be entertained.
4. The tender should be valid for a period of 90 days from the date of opening